पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राजभवन में झण्डारोहण किया

राज्यपाल ने विधान भवन पर गणतंत्र दिवस परेड की ली सलामी

लखनऊः 26 जनवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण किया तथा इस अवसर पर उपस्थित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

राजभवन में ध्वजारोहण के पश्चात् राज्यपाल ने विधान भवन के समक्ष गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली व परेड का अवलोकन किया। परेड में सेना, पुलिस, पी0ए0सी0, होमगार्डस, विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों द्वारा झांकी भी निकाली गयी। प्रदेश के स्थानीय कलाकारों ने भी समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, स्थानीय सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर गणतंत्र दिवस परेड 2021 में भाग लेने वाली थारू जनजाति की बालिकाओं ने इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय निदेशक, डा0 मनोरमा सिंह के संरक्षण में राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में राज्यपाल से मिलकर बधाई देने वालों में उप मुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा, लखनऊ की महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, प्रदेश सरकार के मंत्री श्री ब्रजेश पाठक, मंत्री श्री महेन्द्र सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह श्री अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल एवं मण्डलायुक्त लखनऊ श्री रंजन कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

———

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (131/28)

यू.पी. नहीं देखा तो इण्डिया नहीं देखा